# मास्टर प्लान की सड़क में मंत्री सिलावट बने बाधक

## सिंहस्थ की तैयारियों में बड़ी रुकावट

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में मास्टर प्लान की तीन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण में प्रदेश के कबीना मंत्री बाधक बन कर खड़े हो गए है. उक्त तीनों सड़कों की लागत दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा है. खास बात यह है कि तीनों ही सड़कें अधूरी पड़ी है, जिसमें 70 प्रतिशत राशि खर्च हो चुकी है. इतनी राशि खर्च होने के बाद भी शहर की जनता सुगम यातायात की सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है.**

प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट शहर की तीन महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण पूरा होने में बाधक बन कर खड़े है. सांवेर विधानसभा के शहरी हिस्से में सिंहस्थ 28 को लेकर मास्टर प्लान की तीन महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जा रहा है. उक्त तीनों सड़कों में दो बस्ती और एक सड़क में उनके समर्थकों के निर्माण आ रहे हैं. मंत्री सिलावट उक्त तीनों सड़कों को इसलिए नहीं बनने दे रहे है कि उनके करीब 15 सौ वोट गड़बड़ हो जाएंगे, जबकि मंत्री सिलावट 55 हजार से चुनाव जीते है. मंत्री सिलावट को शायद ज्ञात नहीं है कि परिसीमन में सांवेर का शहर से लगा हिस्सा कट जाएगा और नई विधानसभा में शामिल होगा. ध्यान देने वाली बात यह है कि उक्त तीनों सड़कों का सिंहस्थ के दौरान बायपास से सुपर कॉरिडोर इंदौर अहमदाबाद, इंदौर बैतूल नागपुर, आगरा-मुंबई राजमार्गों कर साथ सीधा कनेक्शन होने से भारी यातायात का शहर पर दबाव बहुत कम हो जाएगा. आईडीए, प्रशासन और सिंहस्थ से जुड़ी तैयारियों को लेकर ही उक्त तीनों सड़कों का निर्माण कर रहे हैं. दो सौ करोड़ रुपए से ज्यादा की लगत वाली सड़कों पर निर्माण एजेंसी आईडीए का 150 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च हो चुका है. ठेकेदार एजेंसी भी साइट क्लियर नहीं होने से समय सीमा निकलने की समस्या से परेशान हो रही है. इस बारे में मंत्री सिलावट को कॉल किया था, उनके पीए ने कॉल रिसीव किया. उन्होंने कहा कि एक बैठक में है. बैठक से फ्री होने के बाद बात करवा दूंगा.

### जल्द ही मामले सुलझा लेंगे

इस बारे में मंत्री तुलसी सिलावट ने कहा कि अभी एडवांस एकेडमी वाली सड़क को 100 फीट की जगह 80 फिट चौड़ी करवाने का तय किया गया है. अब जल्दी ही एमआर 11 और एमआर 12 सड़क का मामला सुलझा लेंगे. तीनों सड़कें मेरे क्षेत्र में आती है.

## शहर की जीवनरेखा सड़क निर्माण में विधायक बने बाधक

### पीएम आवास में रहवासियों को विस्थापित करने का कर रहे विरोध

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महापौर के ड्रीम प्रोजेक्ट धार रोड चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड को जोड़ने वाली सड़क निर्माण में विधायक ही बाधक बन गए हैं. विधायक चंदन नगर के रहवासियों को अपने क्षेत्र में विस्थापन करने का विरोध कर रहे है, जबकि रहवासी जाने को तैयार है. उपरोक्त कारण से महापौर के ड्रीम प्रोजेक्ट वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है.**

नगर निगम के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार महापौर पुष्यमित्र भार्गव के ड्रीम प्रोजेक्ट में राऊ विधायक मधु वर्मा बाधक बन


महापौर


विधायक

विधानसभा में तैयार पीएम आवास योजना के फ्लैट में स्थानांतरित करने का विरोध कर रहे हैं. चर्चा है कि उन्होंने अधिकारियों और महापौर को स्पष्ट मना किया है कि

रहवासी सड़क निर्माण में सहयोग करते हुए पीएम आवास के फ्लैट में जाने तैयार है. कहा जा रहा है कि क्षेत्रीय पार्षद पति रफीक खान ने निगम की सड़क के लिए महापौर

### वर्क आर्डर तक हो चुका

चंदन नगर से नंदन नगर, नगीन नगर से होते हुए कालानी नगर चौराहे तक करीब तीन किलोमीटर लंबी और 60 फीट चौड़ी सड़क के लिए निर्माण एजेंसी को वर्क ऑर्डर तक हो चुका है और 20 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होगी. उक्त सड़क निर्माण का करीब 35 साल से पश्चिम क्षेत्र के रहवासी इंतजार कर रहे है. जब नगर निगम महापौर भार्गव के एक सूत्रीय अभियान से सड़क का बनने का रास्ता साफ हुआ, तो भाजपा और सत्ताधारी दल के विधायक मधु वर्मा ही सड़क निर्माण में बाधक बन गए हैं. उक्त मामले में विधायक मधु वर्मा से बात करने को लेकर कॉल किया था, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

संभावित जीवन रेखा सड़क नहीं बन पा रही है. ध्यान रहे कि

कर सभी विभागों से निगम को अनुमतियां दिलवाई. आज शहर

शहर के पश्चिम क्षेत्र की जीवन रेखा सड़क में बाधक बने हुए हैं विधायक मधु वर्मा. चार दिन पहले चंदन नगर से एयरपोर्ट रोड़ को जोड़ने वाली सड़क का मुद्दा उठाया है नव भारत ने.

### मास्टर प्लान की तीन निम्न सड़कों के बाधक मंत्री

1. एमआर 12 सड़क, मास्टर प्लान की लवकुश चौराहे से बायपास को जोड़ने वाली 9 किलोमीटर लंबी और दो सौ फीट चौड़ी
**बाधक** – 1.2 किलोमीटर में 12 सौ रहवासियों की बस्ती
**लागत** 85 करोड़ रुपए, निर्माण 70 प्रतिशत,
सड़क के शेष अधूरे हिस्से में पुल निर्माण, जो शुरू होने वाला है और बस्ती का हिस्सा हटाना।
2. एम आर 11 सड़क, मास्टर प्लान की बायपास से देवास नाका को जोड़ने वाली साढ़े तीन किलोमीटर लंबी और 250 चौड़ी सड़क।
**बाधक** – सड़क के 5 सौ मीटर हिस्से में 235 कच्चे पक्के मकानों की बस्ती, सड़क लागत 73 करोड़ रुपए, निर्माण 80 प्रतिशत, खर्च 60 करोड़ रुपए।
सड़क के शेष हिस्से का अधूरे निर्माण में सिर्फ बस्ती और दो कॉलोनियों का 50 मीटर का हिस्सा हटाना।
3. मास्टर प्लान की एडवांस एकेडमी स्कूल से निरंजनपुर चौराहे तक 3.5 किलोमीटर लंबी और 100 सौ फीट चौड़ी
**बाधक** – मंत्री सिलावट समर्थक किशोर पटेल और अन्य के चौड़ाई में बाधक निर्माण
सड़क के शेष हिस्से का अधूरे निर्माण कार्य बंद पड़ा है, जबकि एडवांस एकेडमी स्कूल से निपानिया गांव तक आठ सौ मीटर लंबी 100 फीट चौड़ी सड़क बन चुकी है। सड़क की लागत 45 करोड़ रुपए और करीब दो किलोमीटर हिस्से का निर्माण बाकी.

### समर्थकों के साथ एसीएस से मिलने गए थे

मंत्री तुलसी सिलावट पिछले हफ्ते एसीएस संजय दुबे के पास कुछ समर्थकों के साथ भोपाल मिलने गए थे. बताया जा रहा है कि मंत्री सिलावट ने एसीएस दुबे से एडवांस एकेडमी से निरंजन पुर चौराहे तक वाली सड़क की चौड़ाई कम करने की मांग की. मंत्री ने कहा कि सड़क 100 फीट की बजाय 70 फीट कर दें. मंत्री सिलावट को ज्ञात नहीं है कि मास्टर प्लान की सड़क की चौड़ाई कम नहीं की जा सकती है, क्योंकि उसका गजट नोटिफिकेशन होता है., इसको क्या माना जाए कि एक काबीना मंत्री एक अधिकारी से मिलने गए, जो प्रोटोकॉल के अनुसार अनुचित है. सिर्फ मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव से मिलने का नियम है, बाकी अधिकारियों को मंत्री से मिलने आने का प्रोटोकॉल है.

# स्मार्ट सिटी के तीर्थ गोपीकॉन को एक ओर झटका

## एमओजी लाइन के प्लॉट का सौदा रद्द कर राशि जब्त

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर की स्मार्ट सिटी ने तीर्थ गोपीकॉन को बेचे एमओजी लाइन के प्लॉट का सौदा रद्द कर दिया है. इसका कारण यह बताया जा रहा है कि कंपनी के खिलाफ फ़र्ज़ी बैंक ग्यारंटी में सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है. स्मार्ट सिटी द्वारा तीर्थ गोपीकॉन की 3.5 करोड़ रुपए की राशि भी जब्त कर ली गई है.**

स्थानीय प्रशासन के विकास कार्यों की स्मार्ट सिटी कंपनी ने तीर्थ गोपीकॉन को 2023 में बेचे 21 सौ वर्ग मीटर के प्लॉट का सौदा रद्द कर दिया है. स्मार्ट सिटी ने 25.71 करोड़ में तीर्थ गोपीकॉन कंपनी से एमओजी लाइन के प्लॉट सौदा किया था. उक्त प्लॉट के एवज में 2.5 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी और 1 करोड़ रुपए किश्त का भुगतान भी कर दिया था. यही नहीं स्मार्ट सिटी ने द्रविड़ नगर के पास स्थित कुक्कुट भवन वाली 17 एकड़ जमीन का सौदा भी तीर्थ गोपीकॉन कंपनी से 454 करोड़ रुपए कर दिया था. तीर्थ गोपीकॉन कंपनी ने 9.5 करोड़ रुपए की बैंक गारंटी भी जमा कर दी थी, जिसको भी नगर निगम की स्मार्ट सिटी ने जब्त कर लिया था. उक्त सौदा होने के बाद जल परियोजनाओं में तीर्थ गोपीकॉन कंपनी का 184 करोड़ रुपए की फर्जी बैंक गारंटी का मामला सामने आया.

इसके बाद कंपनी ओर उससे जुड़ी बैंकों के खिलाफ सीबीआई और ईडी ने जांच शुरू फर्जी बैंक गारंटी का खुलासा होने के बाद जांच चल रही है. स्मार्ट सिटी सूत्रों के अनुसार एमओजी लाइन के 21 सौ वर्ग मीटर के प्लॉट सौदा रद्द करने की जानकारी मिली है.

### हाईकोर्ट में दायर की याचिका

तीर्थ गोपीकॉन कंपनी ने स्मार्ट सिटी के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें 10 प्रतिशत राशि जमा करने का उल्लेख किया है. वहीं स्मार्ट सिटी ने सीबीआई और ईडी द्वारा फर्जी बैंक गारंटी जांच के आधार पर सौदा रद्द करने का कारण बताया है.



# वेस्ट ज़ोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में इंदौर की वीर

## रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स का शानदार प्रदर्शन

**इंदौर.** राजधानी भोपाल में आयोजित 13वीं वेस्ट ज़ोन शॉटगन शूटिंग चैंपियनशिप में 6 राज्यों के 200 से अधिक निशानेबाजों ने भाग लिया. इनमें इंदौर की वीर रायफ़ल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स ने भी भाग लेकर शानदार प्रदर्शन किया.

सोसायटी के कोच सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में इंद्र विक्रम सिंह बैस ने डबल ट्रैप मास्टर मैन्स केटेगरी में स्वर्ण पदक जीता और रूद्र प्रताप सिंह राठोर और वीरहंस शर्मा ने भी डबल ट्रैप इवेंट में नेशनल के लिए क्वालीफाई किया. इस तरह वीर रायफल शूटिंग सोसायटी के शूटर्स को मिली सफलता पर एमपी स्टेट रायफल एसोसिएशन के सचिव राकेश गुप्ता ने सभी शूटर्स को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का संकल्प व्यक्त किया है.

## पुष्प दंतेश्वर महादेव की पालकी यात्रा आज

**इंदौर.** बर्फानी धाम के पीछे गणेश नगर के शिव हनुमान मंदिर पर पुष्प दंतेश्वर महादेव की भव्य पालकी यात्रा इस वर्ष छठें वर्ष में श्रावण के द्वितीय सोमवार, 10 अगस्त को अपराह्न 4 बजे धूमधाम से निकाली जाएगी. इसके पूर्व दोपहर 2 बजे भगवान का रुद्राभिषेक, भव्य श्रृंगार एवं आरती भी होगी. उत्सव संयोजक तुलसीराम रघुवंशी ने बताया कि श्रृंगार के पश्चात पुष्प दंतेश्वर महादेव को सुसज्जित पालकी में विराजित कर भक्तों की टोली के साथ ढोल नगाड़े, झांझ मजीरे और भजन मंडली के साथ गणेश नगर से नगर भ्रमण पर ले जाया जाएगा.

### एक नजर में

## हजारों लोगों को तंबाकू और कैंसर के प्रति किया जागरूक

**इंदौर.** नशामुक्त समाज और बेहतर स्वास्थ्य के प्रति अपनी संकल्पको आगे बढ़ाते हुए एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल ने इंदौर पुलिस के सहयोग से शहरभर में नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 जनजागरूकता अभियान सफलतापूर्वक आयोजित किया. यह अभियान 15 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक चलाया गया. इस अभियान के तहत एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल की जागरूकता वैन ने इंदौर के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों और विभिन्न पुलिस थानों का दौरा कर लोगों को तंबाकू सेवन और नशे की लत के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया. अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना और तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के प्रति जागरूक करना था. इस अभियान में सक्रिय भागीदारी और महत्वपूर्ण योगदान के लिए इंदौर पुलिस ने एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल को सम्मानित किया. अस्पताल को अभियान में सहयोग देने और इंदौर के नागरिकों के बीच निवारक स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया. इस अवसर पर एचसीजी कैंसर हॉस्पिटल, इंदौर के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, नितिन बामनिया, ने कहा इंदौर पुलिस के साथ नशे से दूरी है ज़रूरी 2.0 अभियान का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है. तंबाकू का सेवन और नशे की लत आज भी जनस्वास्थ्य के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं. ऐसे में जागरूकता और समय पर स्क्रीनिंग के माध्यम से कई लोगों का जीवन बचाया जा सकता है. यह साझेदारी शिक्षा, रोकथाम और समय पर हस्तक्षेप के जरिए एक स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता को दर्शाती है.

## पीएनजी ज्वेलर्स के सीएमडी की पुस्तक 'चूज़िंग गोल्ड' का विमोचन

**इंदौर.** भारत की सबसे पुरानी व्यावसायिक विरासतों में से एक की जिम्मेदारी उन्होंने अपनी मध्य तीस की उम्र में संभाली. आज पीएनजी ज्वेलर्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सौरभ गाडगीळ अपनी पहली पुस्तक 'चूजिंग गोल्ड' के माध्यम से उस विरासत से जुड़ी अपनी पूरी यात्रा की कहानी साझा कर रहे हैं। इस पुस्तक का राष्ट्रीय स्तर पर प्रकाशन पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया द्वारा किया गया है. 'चूजिंग गोल्ड' एक बेहद ईमानदार और व्यक्तिगत पुस्तक है. यह उस व्यक्ति की कहानी है, जिसने कम उम्र में भारत की सबसे पुरानी व्यावसायिक विरासतों में से एक को संभाला और अब 49 वर्ष की आयु में अपनी इस अद्भुत यात्रा को लोगों के सामने ला रहे हैं। यह कहानी दुनिया उन्हें बाहर से जिस तरह देखती है, उसकी नहीं, बल्कि उस यात्रा की है, जिसे उन्होंने वास्तव में जिया है. यह पुस्तक उन महत्वपूर्ण क्षणों की कहानी बताती है, जिन्होंने डॉ. गाडगीळ के व्यक्तित्व को आकार दिया; उनके दादा और मां के साथ हुई वे बातचीत, जो जीवनभर उनके साथ रहीं; वे सीख, जिनका वास्तविक अर्थ समय बीतने के साथ समझ में आया; और वे कठिन निर्णय, जिन्होंने उनकी दृढ़ता और विश्वास की परीक्षा ली तथा अंतत: उनके सही साबित होने का मार्ग प्रशस्त किया. पीएनजी ज्वेलर्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा अपने जीवन के अधिकांश समय में मैं इस यात्रा को जीने में इतना व्यस्त था कि कभी रुककर इसे समझने और परखने का अवसर ही नहीं मिला. जिन सवालों को मैं लगभग तीन दशकों से टालता आया था, उन्हें पूछने के लिए इस पुस्तक को लिखते हुए मैं स्वयं मजबूर हुआ. अपने किन फैसलों पर मुझे वास्तव में गर्व है? कौन-से फैसले आज भी मुझे बेचैन करते हैं? मैंने किन बातों को अपनी समझदारी से सही किया और किन्हें महज अपनी किस्मत से?

## फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया के साथ नए दौर की शुरुआत

**इंदौर.** इंदौर का पॉपुलर शॉपिंग डेस्टिनेशन फीनिक्स सिटाडेल अब फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया के नए नाम से जाना जाएगा. फीनिक्स मिल्स लिमिटेड ने अपने इस खास सेंटर के नए लुक और पहचान को सामने रखा है, जो इंदौर शहर के लिए एक नए दौर की शुरुआत है. इस खास मौके पर भारतीय क्रिकेटर तिलक वर्मा खास तौर पर मौजूद रहे. उन्होंने आए हुए मेहमानों, मीडिया और इंदौर के लोगों के साथ मिलकर भारत के कल्चर, विरासत और देश की उपलब्धियों को सेलिब्रेट किया. भारत के फील और प्राइड को सेलिब्रेट करने वाले देश के पहले मॉल के रूप में तैयार फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया% में आपको शॉपिंग, आर्ट, कल्चर, कम्युनिटी और एंटरटेनमेंट का एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन मिलेगा. इस मौके पर फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया के सीनियर सेंटर डायरेक्टर, टीजी विनोद ने कहा फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया हमारे इस सेंटर और पूरे देश, दोनों के लिए एक बेहद एक्साइटिंग नए सफर की शुरुआत है. इस नई पहचान के साथ हमारा लक्ष्य एक ऐसी जगह बनाना था, जो भारत के हर रूप, यहाँ का कल्चर, विरासत, क्राफ्ट, सफलताएँ और आज के युवाओं की सोच को सेलिब्रेट करे. साथ ही लोगों को वही वर्ल्ड-क्लास शॉपिंग, डाइनिंग और एंटरटेनमेंट का मजा भी देती रहे. यह सेलिब्रेशन इसी सोच की एक झलक है, जहाँ आर्टिस्टों, कारीगरों, परफॉर्मर्स और आम लोगों को एक साथ लाकर भारत को एक नए और यादगार अंदाज में एक्सपीरियंस करने का मौका दिया जा रहा है। हमें पूरा भरोसा है कि फीनिक्स प्राइड ऑफ इंडिया एक ऐसा लैंडमार्क बनेगा, जिस पर मध्य प्रदेश और पूरे देश को वाकई गर्व होगा।

# भाजपा संगठन महामंत्री ने ली संभागीय बैठक

## युवाओं को पार्टी से जोड़ने पर दिया जोर

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** भाजपा निरंतर कार्य करते रहने वाले चरेवैति सिद्धांत पर चलने वाला संगठन है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सर्व समाज और वंचित वर्गों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं चला रही है. कार्यकर्ताओं को इन योजनाओं का अध्ययन कर पात्र लोगों तक उनका लाभ पहुंचाना चाहिए। उक्त बात भाजप राष्ट्रीय संगठन महामंत्री ने कही.

आज भाजपा कार्यालय पर भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बी.एल. संतोष ने संभागीय पदाधिकारियों की बैठक ली. बैठक में संतोष ने कहा कि संगठन विस्तार के साथ समाज की हर समस्या का समाधान करना भी कार्यकर्ताओं की प्राथमिकता में शामिल होना जरूरी है. उन्होंने कहा कि संगठन बढ़ाने के साथ



लोगों की समस्याओं का समाधान के भी प्रयास होना चाहिए. उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार गरीब, युवा, किसानों और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम कर रही है. कार्यकर्ताओं को इन चार वर्गों चर्चा कर से संगठन से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए. उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को भाजपा से जोड़ने का काम करने पर जोर दिया. लोगों को योजनाओं से जोड़कर संगठन को मजबूत करने प्रयास जारी रखने के लिए कहा है. बैठक में संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने विषय की भूमिका बताई |बैठक में प्रदेश महामंत्री गौरव रणदिवे, प्रदेश उपाध्यक्ष निशांत खरे, किसान मोर्चा अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा ,नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ,सहित संभाग के विभिन्न जिलों के जिला अध्यक्ष, महामंत्री और सभी मोर्चों के पदाधिकारी मौजूद थे।

### भाजपा पार्षदों की ली क्लास

संभागीय बैठक से पहले बी.एल. संतोष ने नगर निगम भाजपा पार्षद दल की बैठक ली. बैठक में पार्षदों से कहा कि नगर निगम द्वारा जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान पर ध्यान देना जरूरी है, ताकि संगठन और जनप्रतिनिधियों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़े. बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, सभापति मुन्नालाल यादव, एमआईसी सदस्य और भाजपा पार्षद उपस्थित थे.



## नीम वाले साई धाम पर जुटे साई भक्त

इंदौर. हवा बंगला स्थित नीमा वाले साईंधाम, बारह ज्योतिर्लिंग मंदिर पर साईं बाबा का महाभिषेक कर आकर्षक फुल बंगला श्रृंगारित किया गया. शहर के सैकड़ों साईं भक्तों ने इस मौके पर शहर में सुखद वर्षा की प्रार्थना के साथ ही समाज में सुख, शांति और सदभाव के लिए भी मनुहार लगाई. बाबा के जयघोष के बीच उनका पुष्प बंगला श्रृंगारित कर महाभिषेक एवं महाआरती भी की गई.

केन्द्रीय साईं सेवा समिति के अध्यक्ष गौतम पाठक की विशेष उपस्थिति में साईं बाबा को साईं धाम मन्दिर के अध्यक्ष देवेन्द्र चौधरी, रणजीत वर्मा, रमेश मोहर, पवन वर्मा, राकेश सुरागे, उमेश शर्मा आदि ने विद्युत एवं पुष्प सज्जा से श्रृंगारित किया. महाभिषेक में जयंत तिवारी, महेश शाह, वेदप्रकाश शर्मा, रोहित यादव, प्रशांत चावड़ा, अशोक चौधरी, गोपाल शर्मा, सूफी बाबा, सुनील मामा, हुकम चौधरी, पंकज चौधरी आदि ने शामिल होकर समाज में सुख, शांति और सदभाव के लिए प्रार्थना की. महाआरती में राकेश भाई, गोपाल भाऊ, कमल गंधवानी, जितेन्द्र रावल, राजू सोलंकी, एस के पाटिल सहित सैकड़ों साईं भक्तों ने साईं बाबा के जयघोष के बीच शामिल होकर सभी श्रद्धालुओं की अगवानी की.

## चरण, शरण और वचन में आज भी हमें भवसागर पार कराने की क्षमता : आदित्य मुनि

**इंदौर.** प्रभु के तीन प्रमुख आलंबन होते हैं ङ्क चरण, शरण और वचन. चरण आज प्रत्यक्ष नहीं हैं किन्तु उनकी शरण तथा जिनवाणी के रूप में उनके वचन आज भी हमें भवसागर से पार कराने की क्षमता रखते हैं. जिनशासन अनादि-अनंत परम्परा का प्रवाह है. हमारा सौभाग्य है कि हमें ऐसे महान शासन में जन्म मिला है. किसी व्यक्ति विशेष के होने या न होने से जिनशासन के अस्तित्व पर कोई प्रभाव नहीं होता. जरूरत केवल इतनी है कि हम जिनवाणी का अध्ययन कर प्रभु के आलंबन को स्वीकार करें और अपने जीवन को धर्ममय बनाएं.

ये आशीर्वचन रविवार को सुबह आचार्य भगवन रामलाल महाराज के आज्ञानुवर्ती साधुमार्गी जैन समता संघ के शासन दीपक आदित्य मुनि ने गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर आयोजित धर्मसभा में भक्तामर स्त्रोत की अनुपम व्याख्या करते हुए व्यक्त किए. धर्मसभा में अटल मुनि ने भी अपने आशीर्वचन दिए. उन्होंने कहा कि संत हमारे कल्याण का मार्ग बताते हैं लेकिन उसपर चलना प्रत्येक आत्मा का उत्तरदायित्व है. मनीष बोहरा ने बताया कि गुमाश्ता नगर स्थित मुकुट मांगलिक भवन पर आदित्य मुनि आदिठाना तीन के सानिध्य में प्रतिदिन प्रवचनों की अमृतवर्षा हो रही है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु लाभ उठा रहे हैं. प्रवचन के पश्चात प्रतिदिन तत्वामृत की 15 से 20 मिनिट की विशेष कक्षा भी हो रही है जिसमें शिष्यों के आचार्य के प्रति और आचार्य के शिष्यों के प्रति कर्तव्य जैसे विषय पर विस्तृत विवेचन हो रहा है.

# बच्चे भविष्य को संवारने में ध्यान दें, जीवन में अनुशासन बनाए रखें

**सराफा विद्या निकेतन पर युवाओं में बढ़ती आत्मनिर्णय की भावना पर हुई वाद-विवाद स्पर्धा - 15 स्कूलों के बच्चे हुए शामिल**

**इंदौर.** एम.ओ.जी. लाइन्स स्थित सराफा विद्या निकेतन पर युवाओं में बढती आत्मनिर्णय की भावना समाज के विघटन का कारक है विषय पर आयोजित वाद-विवाद स्पर्धा में शहर के प्रतिष्ठित 15 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लेकर अपने ओजस्वी विचार व्यक्त किए.

प्रख्यात कवि राजीव शर्मा, शिक्षाविद अनिल ओझा के आतिथ्य में आयोजित इस स्पर्धा के पक्ष में चोईथराम स्कूल की मानसी पतंगिया



प्रथम, सराफा विद्या निकेतन के अनमोल सादवाने एवं छत्रपति शिवाजी पब्लिक स्कूल की अविष्का शर्मा द्वितीय तथा विपक्ष में माँ उमिया पाटीदार स्कूल की तेजस्वी गढ़ेवाल प्रथम, चोईथराम स्कूल की कृष्टि गाबा द्वितीय विजेता रहे. सर्वश्रेष्ठ विद्यालय का पुरस्कार चोईथराम स्कूल ने प्राप्त किया. स्पर्धा के निर्णायक मंडल में शिक्षाविद राहुल महाशब्दे एवं गाजिंदा शासकीय हाईस्कूल के प्राचार्य गोपालकृष्ण वाणी तथा अत्री देवी विद्यालय की प्राचार्य कुसुम सेनी शामिल थे. अतिथियों का स्वागत इंदौर चांदी सोना जवाहरात तोल काँटा पारमार्थिक ट्रस्ट एवं सराफा विद्या निकेतन के अध्यक्ष महेंद्र पाटीदार, मंत्री प्रमोद नागर, ट्रस्टी सुशिल गुप्ता, मंत्री बसंत सोनी तथा विद्यालय की प्रबंध समिति के संयोजक द्वय गोपाल नीमा एवं राजेश कोठाना, अशोक शर्मा और एम.ओ.जी लाइन्स सराफा विद्या निकेतन के प्राचार्य आलोक दवे, स्कीम 71 की प्राचार्य श्रीमती सरिता शर्मा एवं नालंदा परिसर स्थित सराफ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती अंकिता मिश्रा ने किया. मुख्य अतिथि प्रख्यात कवि राजीव शर्मा ने बच्चों से आग्रह किया कि वे अपने भविष्य को सँवारने पर ध्यान दें और जीवन में अनुशासन को बनाए रखें. शिक्षाविद अनिल ओझा ने काव्यमयी प्रस्तुतियों से समां बाँध दिया. राहुल महाशब्दे ने वाद-विवाद स्पर्धा के आयोजन को सार्थक बताया वहीं गोपाल कृष्ण वाणी ने भी कविता की पंक्तियों से बच्चों को प्रेरणा लेने का आह्वान किया. संचालन किया अर्पिता यादव ने और आभार माना लीला शुक्ला ने.

**एक नजर में** | **प्रख्यात शिक्षाविद्, चिंतक एवं राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर ने 1994 की हिंसा को किया याद**

# पैर काट दिए गए लेकिन मेरे विचारों की दिशा नहीं : सदानंदन मास्टर

**इंदौर. मेरे दोनों पैर काट दिए गए, लेकिन मेरे विचारों की दिशा नहीं काटी जा सकी. मेरा शरीर घायल हुआ, मेरा संकल्प नहीं.**

प्रख्यात शिक्षाविद्, चिंतक एवं राज्यसभा सांसद सी. सदानंदन मास्टर ने इंदौर में अपने जीवन की उस त्रासदी को याद करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि 1994 में कन्नूर में राजनीतिक हिंसा का शिकार होने के बाद लंबे उपचार और कृत्रिम पैरों के सहारे उन्होंने जीवन को फिर खड़ा किया, लेकिन संघ से मिले आत्मविश्वास, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के स्नेह और समाज के सहयोग ने उन्हें कभी निराशा अथवा असहायता के भाव में नहीं जाने दिया. संस्था सार्थक द्वारा आयोजित



प्रेरक व्याख्यान में संघर्ष से संसद तक: वैचारिक प्रतिबद्धता विषय पर बोलते हुए सदानंदन मास्टर ने अपने जीवन के संघर्ष, कन्नूर की राजनीतिक परिस्थितियों, वैचारिक यात्रा, संघ से जुड़ाव और राज्यसभा तक पहुंचने के अनुभवों को साझा किया. आयोजन में उनके संबोधन के बाद एंकर हार्दिक दवे ने उनसे संवाद किया, जिसमें उनके जीवन के उन पहलुओं पर भी सवाल हुए, जो सामान्यत: किसी सार्वजनिक परिचर्चा का हिस्सा नहीं बनते. उन्होंने विशेष रूप से संस्था के प्रमुख दीपक जैन टीनू के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्हें ऊर्जावान युवा कार्यकर्ता बताया. कार्यक्रम में संस्था सार्थक के अध्यक्ष नितेश पंकज जैन, अमित सोनी, सिद्धार्थ निखरा, नितिन जोशी आदि उपस्थित रहे. संचालन विशाल डकोलिया ने किया. आभार अंकित रावल ने माना.

### जीवन के अनुभव विचारों को देते हैं आकार

सदानंदन मास्टर ने अपनी वैचारिक यात्रा को जीवन के अनुभवों से जोड़ते हुए बताया कि विचार केवल पढ़ने-सुनने से नहीं बनते, बल्कि जीवन के अनुभव उन्हें आकार देते हैं. उन्होंने कहा कि संघ से जुड़ने के बाद उनके भीतर राष्ट्र, समाज और व्यक्ति के संबंध को देखने की दृष्टि में व्यापक परिवर्तन आया. वे शिक्षा के क्षेत्र से आए और शिक्षक के रूप में लंबे समय तक कार्य किया। अपने संबोधन में सदानंदन मास्टर ने मध्यप्रदेश और इंदौर से अपने आत्मीय संबंध का उल्लेख किया. उन्होंने कहा कि इंदौर आना, यहां उपस्थित लोगों से मिलना और उनके साथ समय बिताना उनके लिए परम सौभाग्य है.

## श्रावण में शिव आराधना महोत्सव का दिव्य अनुष्ठान 16 को

**इंदौर.** श्रावण के पवित्र मास में प्रख्यात भागवताचार्य पं. राहुल कृष्ण शास्त्री के आचार्यत्व में रविवार 16 अगस्त को दोपहर 3 बजे से छोटा बांगडदा, एयरपोर्ट रोड स्थित बाबाश्री रिसोर्ट परिसर में श्री शिव आराधना महोत्सव का दिव्य अनुष्ठान होगा जिसमें 251 शिवभक्त दम्पत्ति सर्वार्थ अमृत सिद्धि योग में भगवान शिवाशिव की आराधना और उपासना करेंगे. संस्था श्री शरणागति, श्रीमद्भागवत सेवा भक्त मंडल के पं. दिनेश शर्मा ने बताया कि इस दौरान सभी युगल भगवान शिव को समर्पित महारुद्र पूजन, रुद्राभिषेक एवं शिवार्चन की शास्त्रोक्त प्रक्रिया में शामिल होकर सुख-समृद्धि प्रदाता देवाधिदेव महादेव के पार्थिव पूजन का पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।